बीए प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया कल से

खानपुर। कस्बे के शहीद मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ होगी। कॉलेज प्राचार्य उषा जैन ने बताया कि प्रवेष हेतु इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-मित्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह जिस विद्यार्थी के पिता के पिता की कोरोना से मृत्यु हुई हो अथवा शहीद का आश्रित होने पर उसे न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश दिया जाएगा। पात्र विद्यार्थियों को नियमानुसार आरक्षण किया जाएगा। महाविद्यालय में उपलब्ध विषय समूह, विषयवार सीटों की संख्या, विषय संयोजन, शुल्क निर्धारण एवं प्रवेश नीति अनुसार आरक्षित सीटों का विवरण सहित अन्य जानकारी महाविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड कर दी है। या महाविद्यालय के कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।